भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 961

उत्तर देने की तारीख 27 जून, 2019

6 आषाढ़, 1941 (शक)

वॉटर स्पोर्ट को बढ़ावा देना

961. श्री राजेन्द्र धेड्या गावितः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र के पालघर जिले में वॉटर स्पोर्ट को बढ़ावा देने के लिए कोई नीति/कार्यक्रम बनाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त नीति/कार्यक्रम के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी, नहीं । खेल राज्य का विषय होने के कारण महाराष्ट्र के पालघर जिले में वाटर स्पोर्ट के विकास सहित खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का है। केंद्र सरकार राज्य सरकार के प्रयासों की पूर्ति करती है। महाराष्ट्र सरकार या संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों से वाटर स्पोर्ट के संवर्धन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता ।

******